राष्ट्रीय संस्करण

# दैनिक जागरण

वर्ष 3 अंक 247

मूल्य ₹6.00, नई दिल्ली, गुरुवार, 13 फरवरी 2020

www.jagran.com

पृष्ठ 16



भारत– पाक के बीच क्रिकेट संबंध बहाली का कोई औचित्य नहीं

>> 14

## सरोकार


### दान कर दी सवा करोड़ की जमीन ताकि पढ़ सकें बच्चे



**विदिशा** : खुद भले ही अच्छी शिक्षा हासिल नहीं कर सके, लेकिन गांव के बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए गांव में स्कूल-कॉलेज निर्माण को आठवीं पास किसान कमल सिंह धाकड़ ने सवा करोड़ कीमत की 17 बीघा जमीन दान कर दी। (पेज-10)

## जागरण विशेष

### बदरीनाथ यात्रा को निरापद बनाएगी पाताल गंगा टनल



**गोपेश्वर** : निकट भविष्य में पाताल गंगा भूस्खलन जोन बदरीनाथ यात्रा की राह में अवरोध नहीं बनेगा। बदरीनाथ हाइवे पर यहां 150 मीटर लंबी हाफ टनल का निर्माण किया जा रहा है, जिसके भीतर टू लेन सड़क के साथ फुटपाथ और नाली भी बनेगी। (पेज-10)

## न्यूज गैलरी

राज-नीति ▶ पृष्ठ 3

### पूरी तरह सुरक्षित है एनआरसी का डाटा : गृह मंत्रालय

**नई दिल्ली** : केंद्र ने साफ किया है कि असम में एनआरसी का डाटा सुरक्षित है। कुछ तकनीकी मसले सामने आए हैं और उन्हें जल्द ही दुरुस्त कर लिया जाएगा। गृह मंत्रालय ने उन रिपोर्ट पर सफाई दी है, जिसमें दावा किया गया है कि एनआरसी की वेबसाइट से इसकी अंतिम सूची को ऑफलाइन कर दिया गया है।

नेशनल न्यूज ▶ पृष्ठ 5

### निर्भया के दोषी पवन ने अपने वकील से किया किनारा

**नई दिल्ली** : निर्भया के दोषियों के खिलाफ नया डेथ वारंट जारी करने के लिए दिल्ली सरकार और परिजनों की अर्जी पर पटियाला हाउस अदालत में बुधवार को सुनवाई हुई। इस दौरान बहस और दोषी पवन के अपने मौजूदा वकील से किनारा कर लेने के चलते सुनवाई गुरुवार के लिए टाल दी गई।

बिजनेस ▶ पृष्ठ 12

### और 15 दिनों के लिए मुफ्त मिलेगा फास्टैग

**नई दिल्ली** : भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) ने 15-29 फरवरी के दौरान फास्टैग मुफ्त बांटने का फैसला किया है। राष्ट्रीय राजमार्गों के टोल प्लाजा पर टोल भुगतान की नई इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली के तहत अब सीधे फास्टैग से टोल वसूला जा रहा है।

स्पोर्ट्स ▶ पृष्ठ 14

### टेस्ट सीरीज से पहले होगा इशांत का फिटनेस टेस्ट

**नई दिल्ली** : भारत के सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा शनिवार को बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में फिटनेस टेस्ट से गुजरेंगे। टेस्ट का नतीजा तय करेगा कि इशांत न्यूजीलैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम से जुड़ेंगे या नहीं। यह टेस्ट सीरीज 21 फरवरी से वेलिंगटन में शुरू होगी।

# हार पर कांग्रेस नेतृत्व पर फूटा गुस्सा

**शर्मिष्ठा ने पूछा** ▶ क्या कांग्रेस ने भाजपा को हराने का जिम्मा क्षेत्रीय दलों को सौंप दिया

### प्रभारी चाको ने दिवंगत शीला दीक्षित पर फोड़ा ठीकरा, बाद में पलटे

**संजय मिश्र, नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा चुनाव में दुर्गति के बाद कांग्रेस पार्टी की कलह खुलकर सामने आ गई है। नेता न सिर्फ एक दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं बल्कि इशारों में हाईकमान तक को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। पार्टी में कोहराम इस हद तक पहुंच गया कि बुधवार को दिल्ली के पार्टी प्रभारी पीसी चाको ने दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित पर ही हार का ठीकरा फोड़ने की हद कर दी। वहीं, खुद की हार को भूलकर भाजपा की पराजय पर खुशी जता रहे पी. चिदंबरम और दिग्विजय सिंह सरीखे नेताओं को युवा नेता शर्मिष्ठा मुखर्जी ने यह कहते हुए शर्मसार कर दिया कि क्या कांग्रेस की दुकान बंद कर दी जाए। स्पष्ट है कि कांग्रेस में निचले स्तर पर नेतृत्व के निर्णयों को लेकर नाखुशी है और इसका इजहार भी होने लगा है।

कांग्रेस में कलह को थामने के लिए पीसी चाको ने प्रभारी और सुभाष चोपड़ा ने दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने उनके इस्तीफे स्वीकार कर शक्ति सिंह गोहिल को अंतरिम प्रभार सौंप दिया है।



शर्मिष्ठा मुखर्जी



पीसी चाको (फाइल फोटो)

#### जनता सोच रही कांग्रेस को वोट देने का फायदा नहीं : मोइली

कांग्रेस में कलह के बीच संगठन को दुरुस्त करने की आवाज भी तेज हो गई है जिसमें कांग्रेस में तत्काल सर्जिकल एक्शन का वीरप्पा मोइली का बयान सबसे अहम है। मोइली ने कहा,हमारी कमजोरी से जनता निष्कर्ष निकाल रही है कि कांग्रेस को वोट देने से फायदा नहीं होगा। इसीलिए संगठन को पुनर्जीवित करना जरूरी है।

#### दिल्ली में हार के सवाल पर प्रियंका ने जोड़े हाथ

**आजमगढ़** : कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा बुधवार सुबह वाराणसी पहुंचीं तो खुश थीं। जैसे ही एयरपोर्ट से बाहर आईं, पत्रकारों ने दिल्ली विस चुनाव में कांग्रेस की हार और 'शून्य' परिणाम पर सवाल कर दिया। वह किंकर्तव्यविमूढ़ हो गईं। कुछ नहीं बोलीं। चेहरे पर जबरदस्ती मुस्कान लाकर हाथ जोड़ा और गाड़ी में बैठ गईं। (पेज-4)

दरअसल, कांग्रेस की सबसे बुरी हार के लिए हाईकमान पर सीधे सवाल उठाए जा रहे हैं कि उसने भाजपा की हार के लिए चुनाव में दमखम नहीं लगाया ताकि आप-कांग्रेस के बीच वोटों का बंटवारा न हो। कलह की शुरुआत पी. चिदंबरम के ट्वीट पर दिल्ली कांग्रेस की नेता शर्मिष्ठा मुखर्जी के चुभते सवालों से हुई। चिदंबरम ने दिल्ली में आप की जीत पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा था कि यह विपक्ष का विश्वास बढ़ाने वाला बूस्टर है कि भाजपा को हराया जा सकता है। पार्टी के दूसरे वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने भी चिदंबरम से ही मिलती जुलती राय जाहिर की थी।

पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा ने चिदंबरम के बयान पर जबरदस्त वार करते हुए जवाबी ट्वीट में सवाल उठाया, 'सर पूरे सम्मान से यह जानना चाहती हूं कि भाजपा को हराने का जिम्मा क्या हमने राज्य स्तरीय पार्टियों को आउटसोर्स कर दिया है। यदि नहीं तो हम अपनी पराजय पर चिंता करने के बजाय आम आदमी पार्टी की जीत को लेकर खुश क्यों हो रहे हैं। यदि इसका उत्तर हां में है तो हमें अपनी प्रदेश कांग्रेस समिति की दुकान बंद कर देनी चाहिए।' शर्मिष्ठा के सवालों के तीर हाईकमान पर भी परोक्ष निशाना है क्योंकि चिदंबरम पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी के शीर्ष रणनीतिकार माने जाते हैं।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने उर्दू शायरी की दो पंक्तियां ट्वीट कर चिदंबरम के नजरिये पर सवाल उठाए। पार्टी की दुर्गति पर अपने नेताओं के इन तीखे सवालों में हाईकमान को भी घिरते देख दिल्ली के कांग्रेस प्रभारी पीसी चाको ने अपना इस्तीफा सोनिया गांधी को भेज दिया। इसके बाद चुनावी हार के दाग से नेतृत्व को बचाने के लिए चाको ने यह कहकर पार्टी में हड़कंप मचा दिया कि दिल्ली में कांग्रेस के पतन की शुरुआत तो 2013 में शीला दीक्षित के मुख्यमंत्री रहते ही हो गई थी जब अरविंद केजरीवाल की अगुआई में आप का उदय हुआ। कांग्रेस का वोट बैंक आप के पास चला गया जो अब तक नहीं लौटा है।

मिलिंद देवड़ा और पवन खेड़ा बोले, शीला के दौर में मिले अच्छे वोट पेज>>3

# 16 को रामलीला मैदान में शपथ लेंगे केजरीवाल

- आप के 62 विधायकों ने सर्वसम्मति से चुना अपना नेता
- शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए पूरी दिल्ली को दिया न्योता



अपने आवास पर नव निर्वाचित विधायको के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल (बीच में) सौजन्य-आप

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों ने बुधवार को पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुन लिया और एक स्वर में उन्हें लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री बनाने का फैसला किया है। केजरीवाल 16 फरवरी को रामलीला मैदान में सीएम पद की शपथ लेंगे। सुबह 10 बजे से शपथ ग्रहण समारोह होगा।

यह तीसरा मौका होगा जब रामलीला मैदान में दिल्ली सरकार की कैबिनेट शपथ लेगी। पहली बार 2013 में वहां शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ था। उस समय केजरीवाल की सरकार 49 दिन चली थी। दूसरी बार 14 फरवरी 2015 को केजरीवाल सरकार ने शपथ ली थी। इससे पहले 2011 में इसी ऐतिहासिक मैदान में समाजसेवी अन्ना हजारे ने जनलोकपाल की मांग को लेकर अनशन किया था, जिसमें अरविंद केजरीवाल ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसी आंदोलन के बाद केजरीवाल ने 2012 में आम आदमी पार्टी का गठन किया था। आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को बताया कि शपथ ग्रहण समारोह के लिए दिल्ली के दो करोड़ लोगों को निमंत्रित किया गया है। उन्होंने दिल्लीवासियों से अपील की कि वे भारी संख्या में समारोह में पहुंच कर अपने बेटे अरविंद को आशीर्वाद दें। साथ ही सभी शपथ लें कि हम सब मिलकर दिल्ली को नफरत की राजनीति से ऊपर ले जाएंगे। यहां विकास का ऐसा मॉडल बनाएंगे, जहां आम आदमी से जुड़े शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली व पानी जैसे मुद्दे राजनीति के केंद्र में हों। उन्होंने कहा, जनता ने चुनाव में 70 में से 62 सीटें दी हैं। यहां की जनता ने काम की राजनीति को सम्मान दिया व नफरत की राजनीति को सिरे से नकारा। 11 फरवरी को घोषित परिणाम में आप को 62, भाजपा को आठ सीटें मिलीं। कांग्रेस इस बार भी खाता नहीं खोल पाई है।

# मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद को टेरर फंडिंग मामले में 11 साल की सजा

**लाहौर, प्रेट्र** : मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड और जमात-उद-दावा सरगना हाफिज सईद को आतंकी फंडिंग के दो मामलों में बुधवार को 11 साल कैद की सजा सुनाई गई। सईद को यह सजा ऐसे समय में सुनाई गई है जबकि पाकिस्तान को चार दिन बाद पेरिस स्थित फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) के सामने आतंकी फंडिंग को रोकने के लिए अपनी तरफ से की गई कार्रवाइयों का हिसाब देना है। पाकिस्तान के सामने एफएटीएफ की काली सूची में जाने का खतरा मंडरा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र ने हाफिज सईद को अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी घोषित कर रखा है और अमेरिका ने उस पर एक करोड़ डॉलर (लगभग 70 करोड़ रुपये) का इनाम घोषित किया है। 70 साल के सईद को पिछले साल 17 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था, तब से वह लाहौर की अति सुरक्षित कोट लखपत जेल में बंद है।

पाकिस्तान की आतंकवाद-रोधी अदालत (एटीसी) के जज अरशद हुसैन भट्ट ने सईद और उसके करीबी जफर इकबाल को आतंकी फंडिंग के दोनों मामलों में साढ़े पांच-पांच साल कैद की सजा सुनाई। दोनों सजा एक साथ चलेंगी। दोनों पर प्रत्येक मामले में 15,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जज ने सईद की आतंकी फंडिंग मामले में उसके खिलाफ चल रहे छह मामलों को एक साथ जोड़ने की अपील भी स्वीकार कर ली।

पाकिस्तान के पंजाब पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के आवेदन पर हाफिज सईद और इकबाल के खिलाफ लाहौर और गुजरांवाला में ये दोनों मामले दर्ज किए गए थे। आतंकवाद-रोधी अदालत के फैसले के बाद डिप्टी प्रॉसिक्यूटर जनरल ने बताया कि सईद और इकबाल को साढ़े पांच साल जेल में बिताने होंगे। सईद के खिलाफ टेरर फंडिंग समेत कुल 23 मामले दर्ज हैं।

- जमात-उद-दावा सरगना हाफिज के खिलाफ कुल 23 मामले दर्ज
- 17 जुलाई 2019 को हुआ था गिरफ्तार, तब से लखपत जेल में बंद



हाफिज सईद की फाइल फोटो। एपी

#### लश्कर-ए-तैयबा ने 26/11 हमले को दिया था अंजाम

हाफिज सईद के संगठन लश्कर ए तैयबा के आतंकवादियों ने 26 नवंबर, 2008 को मुंबई में होटल, रेलवे स्टेशन, अस्पताल और अन्य कई जगहों पर हमला किया था। इसमें छह अमेरिकी समेत 166 लोग मारे गए थे। कई दिनों तक चली कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने नौ आतंकियों को मार गिराया था, जबकि अजमल कसाब नामक आतंकी पकड़ा गया था। बाद में कसाब को फांसी की सजा दे दी गई थी।

# विदेशी राजनयिकों ने टटोली कश्मीर की नब्ज

**राज्य ब्यूरो, श्रीनगर**

- यूरोपीय संघ, लैटिन अमेरिका व खाड़ी देशों के 25 राजदूत व राजनयिक पहुंचे श्रीनगर
- प्राकृतिक सौंदर्य देख रोमांचित होने के साथ हालात से आश्वस्त दिखे



शिकारे का लुत्फ उठाती प्रतिधिमंडल की एक सदस्य। कामरान राशीद बट

यूरोपीय संघ, लैटिन अमेरिका और खाड़ी देशों के लगभग 25 राजदूत व राजनयिकों ने बुधवार को यहां कश्मीर और कश्मीरियों की नब्ज टटोली। ये विदेशी मेहमान कश्मीर का प्राकृतिक सौंदर्य देखकर जहां रोमांचित थे, वहीं हालात को लेकर पूरी तरह आश्वस्त दिखे। उन्होंने कहा कि यहां हड़ताल, बंद-पाबंदियां नहीं दिखीं, दुकानें और स्कूल खुले हैं। हालांकि मौसम खराब के कारण प्रतिनिधिमंडल बारामुला और एलओसी से सटे उड़ी नहीं जा सका। विदेशी प्रतिनिधियों ने डल झील की खूबसूरती को देखा और विभिन्न वर्गों के लोगों से भेंट कर जनजीवन, अर्थव्यवस्था, मौलिक अधिकारों, पर्यटन विकास, खेल, शिक्षा जैसे मुद्दों पर उनकी राय जानी।

जम्मू कश्मीर के दो दिवसीय दौरे पर श्रीनगर पहुंचे विदेशी मेहमानों में जर्मनी, कनाडा, फ्रांस,न्यूजीलैंड, मेक्सिको, इटली, अफगानिस्तान, आस्ट्रिया, उज्बेकिस्तान, पोलैंड, डामनिक रिपब्लिक, युगांडा, चेकोस्लोवाकिया, नीदरलैंड, नामीबिया, रुवांडा और खाड़ी देशों के दिल्ली स्थित राजदूत शामिल हैं।

**नहीं जा सके बारामुला** : विदेशी मेहमान सुबह 11.45 बजे दिल्ली से विशेष विमान से श्रीनगर एयरपोर्ट पर पहुंचे। यहां नागरिक और सैन्य प्रशासन के अधिकारियों के साथ मुलाकात के बाद उन्हें बारामुला रवाना होना था, लेकिन मौसम बिगड़ गया, जिसकी वजह से उनके हेलीकॉप्टर को उड़ान की इजाजत नहीं मिली।

डल झील की सैर पेज>>6

### नकली कीटनाशक बनाने और बेचने पर होगी जेल

**नई दिल्ली** : नकली कीटनाशकों के इस्तेमाल से त्रस्त किसानों को राहत देते हुए केंद्र सरकार ने कीटनाशक प्रबंधन को लेकर नया विधेयक लाने का फैसला लिया है। नकली या खराब गुणवत्ता के कीटनाशकों की बिक्री व उत्पादन करने वालों को पांच साल तक जेल और अधिकतम पचास लाख तक का जुर्माना होगा। इस बिल को संसद के दो मार्च से शुरू हो रहे सत्र में पेश किया जाएगा। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में यह फैसला किया गया। सरकार ने तीन जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में 2,500 करोड़ की पूंजी लगाने तथा 12 बंदरगाहों को स्वायत्तता प्रदान करने के लिए नया मेजर पोर्ट अथॉरिटी विधेयक लाने का भी निर्णय लिया है। (विस्तृत खबर पेज-12)

### केरल में एसएपीबी की कई राइफलें व कार्टेज गायब : कैग

**तिरुवनंतपुरम** : नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) को केरल में विशेष सशस्त्र पुलिस बटालियन (एसएपीबी) के पास 5.56 मिमी की 25 इंसास राइफलें और 12,061 जीवित कारतूस गायब मिले। पुलिस विभाग को इसकी जानकारी थी और उसने जिम्मेदार लोगों की पहचान करने के बजाय इस पर पर्दा डालने की कोशिश की। (पेज-7)

### जापान के क्रूज में फंसे 39 और लोग हुए कोरोना से संक्रमित

**योकोहामा** : जापान के योकोहामा बंदरगाह पर खड़े डायमंड प्रिंसेज क्रूज शिप में मौजूद 39 और लोगों में कोरोना वायरस के संक्रमण का पता चला है। इस तरह क्रूज पर मौजूद 174 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है। पांच फरवरी को जब यह जहाज योकोहामा बंदरगाह पर पहुंचा तो उसे 14 दिनों के लिए आइसोलेशन में रख दिया गया। (पेज-13)

# जेपी समूह के एसडीजेड का आवंटन निरस्त फार्मूला वन अब यमुना प्राधिकरण का हुआ

**जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा**

- करीब एक हजार करोड़ का बकाया है जेपी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स पर
- एक हजार हेक्टेयर जमीन आवंटित की गई थी एसडीजेड के लिए

यमुना प्राधिकरण ने एक हजार करोड़ रुपये के बकाए का भुगतान न करने पर बुधवार को जेपी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स एसडीजेड (स्पेशल डेवलपमेंट जोन) का आवंटन निरस्त कर दिया। नवंबर में हुई प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में सीईओ को फैसला लेने के लिए अधिकृत किया गया था। एसडीजेड का आवंटन निरस्त होने से बुद्ध अंतरराष्ट्रीय सर्किट फार्मूला वन, क्रिकेट स्टेडियम संकट में आ गया है। अब इस संपत्ति पर प्राधिकरण का हक हो गया है। निरस्त एसडीजेड की बाजार दर से कीमत बीस हजार करोड़ रुपये आंकी जा रही है।

**स्पोर्ट्स गतिविधि के लिए आवंटित किया गया था एसडीजेड** : बसपा सरकार के दौरान यमुना प्राधिकरण ने 2009 से 2010 के दौरान जेपी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स को करीब एक हजार हेक्टेयर का भूखंड एसडीजेड श्रेणी में स्पोर्ट्स गतिविधि के लिए आवंटित किया था। 2009 से 2011 के बीच कंपनी के पक्ष में 965.73 हेक्टेयर जमीन की लीजडीड की गई।

> बकाया भुगतान न करने पर जेपी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स के एसडीजेड का आवंटन निरस्त कर दिया गया है। निवेशकों व सह आवंटियों के हितों को प्राधिकरण सुरक्षित करेगा। परियोजनाओं को पूरा कर निवेशकों को कब्जा दिया जाएगा। किसानों के हितों को भी सुनिश्चित किया जाएगा।
> -डा. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण

कंपनी को भूखंड की कीमत का बीस फीसद आवंटन के समय देना था और शेष धनराशि 20 छमाही किस्तों में देने की शर्त थी लेकिन कंपनी ने समय से किस्तों का भुगतान नहीं किया। प्राधिकरण ने उसे 2011 से 2015 के बीच 21 नोटिस भेजे। 2016 में अंतिम नोटिस जारी करते हुए सितंबर 2016 तक बकाया रकम जमा कराने का निर्देश दिया था।

खराब आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए जेपी ने मांगा था और समय पेज>>00

## दोस्ती

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है, लाखों लोग उनका स्वागत करेंगे, मोदी बोले, अमेरिकी राष्ट्रपति के स्वागत को यादगार बना देंगे

# भारत की पहली यात्रा को लेकर उत्सुक : ट्रंप

**नई दिल्ली, एजेंसियां** : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत यात्रा को लेकर दोनों देशों में जोश और उत्साह का माहौल बनने लगा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि वह भारत की अपनी पहली यात्रा को लेकर उत्सुक हैं। इसका उन्हें बेसब्री से इंतजार है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि ट्रंप का यादगार स्वागत करेंगे।

वाशिंगटन में व्हाइट हाउस के अपने ओवल ऑफिस में ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, 'वह (मोदी) बहुत अच्छे इंसान हैं और मैं भारत जाने को लेकर बेसब्र हूं।' एक सवाल के जवाब में ट्रंप ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी के साथ बात की है। मोदी ने उन्हें बताया है कि वहां (अहमदाबाद में) लाखों लाख की भीड़ होगी। एयरपोर्ट से स्टेडियम जाने के रास्ते में 50 से 70 लाख होंगे।' इसके बाद ट्रंप ने मजाकिया लहजे में पत्रकारों से कहा कि इसके बाद वह अमेरिका में 40-50 हजार लोगों की भीड़ को संबोधित करने को लेकर 'अच्छा नहीं महसूस' करेंगे। बता दें कि पीएम मोदी के साथ ट्रंप ने पिछले साल ह्यूस्टन में 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम को संबोधित किया था, जिसमें 40-50 हजार भारतीय-अमेरिकी नागरिक उपस्थित थे। ट्रंप ने आगे कहा, 'और आप जानते हैं यह दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम है। उन्होंने (मोदी) उसे बनवाया है। निर्माण लगभग पूरा हो गया है।'




डोनाल्ड ट्रंप नरेंद्र मोदी (फाइल फोटो)

ट्रंप के बयान के कुछ घंटे बाद मोदी ने ट्वीट किया, 'राष्ट्रपति ट्रंप व उनकी पत्नी मलेनिया के भारत आने की सूचना से वह बेहद खुश हैं। दोनों देश कई क्षेत्रों में सहयोग कर रहे हैं और प्रगाढ़ होते रिश्ते हमारे नागरिकों के लिए ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए शुभ साबित होगा।'पीएम ने एक अन्य ट्वीट में कहा, 'भारत अपने सम्मानित मेहमान का यादगार स्वागत करेगा।' (पेज-3 भी देखें)

#### अहमदाबाद में होगा 'हाउडी मोदी' जैसा कार्यक्रम और रोड शो

ट्रंप अहमदाबाद में रोडशो में शामिल होंगे और साबरमती आश्रम का दौरा करेंगे। वह 24 फरवरी को अहमदाबाद पहुंच सकते हैं। ट्रंप के लिए हवाईअड्डे से साबरमती आश्रम तक 10 किमी तक के मार्ग को सजाया गया है। ट्रंप और मोदी शहर के मोटेरा इलाके में बनाए गए सरदार वल्लभभाई पटेल स्टेडियम का उद्घाटन करेंगे। दोनों यहां 'हाउडी मोदी' जैसे कार्यक्रम को संबोधित करेंगे, जिसमें एक लाख से ज्यादा लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। यहां के लोगों ने इस कार्यक्रम को 'केम छो, ट्रंप' नाम दिया है। स्टेडियम में 1.10 लाख लोगों को बिठाने की क्षमता है जो मेलबर्न क्रिकेट मैदान से ज्यादा है।



अहमदाबाद में पुलिस के बम स्क्वॉड दस्ते ने गांधी आश्रम में सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया। एएफपी

# भजनपुरा इलाके में दंपती और तीन बच्चों की नृशंस हत्या

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली**

- घर में सड़ी-गली हालत में मिले शव, पांच से छह दिन पहले हत्या होने की आशंका

दिल्ली के भजनपुरा इलाके में एक घर में ही माता-पिता और तीन बच्चों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। तेज दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। माना जा रहा है कि हत्या पांच से छह दिन पहले की गई। मृतकों की पहचान शंभूनाथ चौधरी (45), पत्नी सुनीता (40), बेटे शिवम कुमार (17), सचिन (14) और बेटी कोमल (12) के रूप में हुई है। शवों के पास ही एक हथौड़ा और आरी बरामद हुई है। आशंका है कि इनका इस्तेमाल हत्याओं के लिए किया गया। पुलिस रिश्तेदारों, पड़ोसियों व मकान में रहने वाले दूसरे किरायेदारों से पूछताछ के साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल भेज दिया गया है।

मूलरूप से बिहार के सुपौल निवासी शंभूनाथ परिवार के साथ भजनपुरा के सी ब्लॉक की गली नंबर-11 में किराये पर रहते थे। तीनों बच्चे यमुना विहार स्थित सरकारी स्कूल में पढ़ते थे। शंभू ई-रिक्शा चलाते थे। बुधवार सुबह उनके मकान के सामने वाले दुकानदार ने तेज बदबू आने पर फोन कर नगर निगम को बुलाया तो घर बंद मिला। करीब 11:15 बजे पुलिस ताला तोड़कर अंदर पहुंची तो एक कमरे में शंभू और उसकी पत्नी सुनीता व दूसरे कमरे में तीनों बच्चों के शव पड़े हुए थे। कमरों का सामान भी फैला हुआ था। इससे प्रतीत होता है कि हत्या के समय झगड़ा हुआ।

सामूहिक हत्याकांड को अंजाम देने के बाद दरवाजे पर लगाया गया ताला पेज>>7